# राज्य निर्वाचन आयोग, राजस्थान

(द्वितीय तल, विकास खण्ड, सचिवालय, जयपुर–302005)
email- secraj@rajasthan.gov.in Ph./FAX 0141-2227280, 2227072

क्रमांक : एफ. 4(1)(1) / नपा / रानिआ / 2026 /6722 दिनांक : 19/08/2026

## प्रेस–नोट

**विषय :– नगरीय निकाय आम चुनाव माह अगस्त–सितम्बर, 2026 – कार्यक्रम की घोषणा।**

आयोग द्वारा राज्य में "एक राज्य एक चुनाव" (वन स्टेट वन इलेक्शन) के अन्तर्गत नगरीय निकायों एवं पंचायतीराज संस्थाओं के चुनाव सम्पन्न कराये जायेगें। राज्य के 309 नगरीय निकायों (10 नगरनिगम, 47 नगरपरिषद एवं 252 नगरपालिका) के चुनाव दो चरणों में (सूची संलग्न) के अनुसार सम्पन्न कराए जाने हैं।

आयोग द्वारा 309 नगरीय निकायों के आम चुनाव कराने हेतु चरणवार चुनाव कार्यक्रम की घोषणा कर दी गई है। आम चुनाव के संबंध में विस्तृत विवरण निम्नानुसार हैं:–

- **आम चुनाव कार्यक्रम**

  ➢ **सदस्य पद के लिए**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | लोक सूचना जारी करने की तिथि | 27.08.2026 (गुरूवार) |
| 2. | नामांकन पत्रों को प्रस्तुत करने की अन्तिम तिथि | 31.08.2026 (सोमवार) |
| 3. | नामांकन पत्रों की संवीक्षा की तिथि | 01.09.2026 (मंगलवार) |
| 4. | अभ्यर्थिता वापिस लेने की अन्तिम तिथि एवं समय | 03.09.2026 (गुरूवार) अपराह्न 3.00 बजे तक |
| 5. | चुनाव चिन्हों का आवंटन | 04.09.2026 (शुक्रवार) |
| 6. | मतदान की तिथि | |
| | प्रथम चरण | 09.09.2026 (बुधवार) |
| | द्वितीय चरण | 11.09.2026 (शुक्रवार) |
| 7. | मतदान का समय | प्रातः 7.00 बजे से सांय 6.00 बजे तक |
| 8. | मतगणना की तिथि | 14.09.2026 (सोमवार) |

  ➢ **अध्यक्षीय पदों के लिए**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | लोक सूचना जारी करने की तिथि | 15.09.2026 (मंगलवार) |
| 2. | नामांकन पत्रों को प्रस्तुत करने की अन्तिम तिथि | 16.09.2026 (बुधवार) |
| 3. | नामांकन पत्रों की संवीक्षा की तिथि | 17.09.2026 (गुरूवार) |
| 4. | अभ्यर्थिता वापिस लेने की अन्तिम तिथि एवं समय | 18.09.2026 (शुक्रवार) अपराह्न 3.00 बजे तक |
| 5. | चुनाव चिन्हों का आवंटन | 18.09.2026 (शुक्रवार) (अभ्यर्थिता वापिस लेने के समय समाप्ति के तुरन्त पश्चात्) |
| 6. | मतदान की तिथि | 21.09.2026 (सोमवार) |
| 7. | मतदान का समय | प्रातः 10.00 बजे से अपराह्न 2.00 बजे तक |
| 8. | मतगणना की तिथि एवं समय | 21.09.2026 (सोमवार) मतदान समाप्ति के तुरन्त पश्चात् |

➢ **उपाध्यक्षीय पदों के लिए**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | निर्वाचन की तिथि | 22.09.2026 (मंगलवार) |
| 2. | निर्वाचन प्रक्रिया हेतु समय–सारणी | |
| | बैठक का प्रारम्भ | प्रातः 10.00 बजे |
| | नामांकन पत्रों का प्रस्तुतिकरण | प्रातः 11.00 बजे तक |
| | नामांकन पत्रों की संवीक्षा | प्रातः 11.30 बजे से |
| | अभ्यर्थिता वापसी का समय | अपराह्न 2.00 बजे तक |
| | मतदान यदि आवश्यक हुआ तो | अपराह्न 2.30 बजे से 5.00 बजे तक |
| | मतगणना | मतदान समाप्ति के तुरन्त पश्चात |

➢ **मतदाताओं का विवरण**

इस चुनाव में 309 नगरीय निकायों के 1,44,03,853 मतदाता अपने मत का प्रयोग करेगें। इन नगरीय निकायों में नगर निगम जयपुर में सबसे अधिक मतदाता 24,20,839 एवं नगरपालिका इन्द्रगढ में सबसे कम मतदाता 4744 हैं। इन मतदाताओं का वर्गीकरण तालिका में दिया गया हैं।

| मतदाता – वर्ष 2019 (196 नगरपालिका) | | | | मतदाता – वर्ष 2026 (309 नगरपालिका) | | | | कुल मतदाताओं की वृद्धि प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पुरूष | महिला | थर्ड जेण्डर | कुल | पुरूष | महिला | थर्ड जेण्डर | कुल | |
| 58,51,270 | 54,68,428 | 166 | 1,13,19,864 | 73,98,415 | 70,[illegible]927 | 511 | 1,44,03,853 | 27.24 |

➢ **309 नगरीय निकायों में मतदाताओं का विवरण (आयु वर्गानुसार)**

| आयु 18 से 25 वर्ष तक | आयु 26 से 35 वर्ष तक | आयु 36 से 50 वर्ष तक | आयु 51 से 59 वर्ष तक | आयु 60 वर्ष एवं अधिक तक | कुल मतदाताओं की संख्या |
|---|---|---|---|---|---|
| 21,30,043 | 36,60,211 | 41,70,693 | 20,02,199 | 24,40,707 | 1,44,03,853 |
| 14.7 % | 25.40 % | 29.00 % | 13.9 % | 17.0 % | 100% |

➢ **इलेक्ट्रोनिक वोटिंग मशीन**

उक्त चुनाव इलेक्ट्रोनिक वोटिंग मशीन के माध्यम से कराए जाएगें। जिला अलवर, भरतपुर, जयपुर, जोधपुर एवं कोटा में भारत निर्वाचन आयोग के स्वामित्व की एम–3ए एवं शेष 36 जिलों में राज्य निर्वाचन आयोग, राजस्थान एवं राज्य निर्वाचन आयोग, मध्यप्रदेश के स्वामित्व की मल्टी पोस्ट सिंगल वोट/ मल्टी पोस्ट मल्टी वोट मॉडल की मशीन उपयोग में ली जाएगी। एक नगरपालिका में एक ही मॉडल की मशीनों का उपयोग होगा। इसी अनुसार आयोग द्वारा सभी जिलों को पर्याप्त मशीनों का आवंटन किया जा चुका है।

आयोग द्वारा सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों को ईवीएम ट्रेकिंग सॉफ्टवेयर उपलब्ध कराया गया है। इस सॉफ्टवेयर द्वारा जिला स्तर पर ईवीएम के स्थानान्तरण की ऑन लाईन ट्रेकिंग की जा

राज्य निर्वाचन आयोग राजस्थान

सकेगी। इसके अतिरिक्त उक्त सॉफ्टवेयर के माध्यम से मतदान हेतु ईवीएम के आवंटन के लिए रेण्डमाईजेशन (Randomization) भी किया जाएगा।

## ➢ वार्डो एवं मतदान केन्द्रों का विवरण

राज्य सरकार द्वारा वर्ष 2025 में जनगणना वर्ष 2011 के आधार पर वार्डो का पुनर्गठन एवं परिसीमाकंन का कार्य किया गया है। नवीन परिसीमन के अनुसार वार्डो की संख्या एवं मतदान केन्द्रों की संख्या का विवरण निम्नानुसार है:–

| विवरण | वर्ष 2019 (196 नगरीय निकाय) | वर्ष 2026 (309 नगरीय निकाय) | वृद्धि प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| वार्डो की संख्या | 7500 | 10245 | 36.6 |
| मतदान केन्द्रों की संख्या | 10153 | 16465 | 62.16 |

## ➢ मतदाताओं की पहचान

राजस्थान राज्य के लगभग सभी मतदाताओं को मतदाता फोटो पहचान पत्र (EPIC) जारी हो चुके हैं। मतदान के दौरान मतदाताओं को अपनी पहचान स्थापित करने के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी उक्त फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत करना होगा। फिर भी यदि कोई मतदाता किसी भी कारण से फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत करने में असमर्थ रहता है तो मतदान के लिए उसे राज्य निर्वाचन आयोग के पत्रांक 5310 दिनांक 30.07.2026 के द्वारा अनुमोदित किए गए 11 वैकल्पिक फोटो दस्तावेजों में से कोई एक मूल दस्तावेज प्रस्तुत करना आवश्यक होगा।

इन दस्तावेजों में आधार कार्ड, विकसित भारत–गारंटी फॉर रोजगार और आजीविका मिशन (ग्रामीण) (VB-RAMG)/मनरेगा कार्ड, बैंको/डाकघर द्वारा जारी किये गये फोटोयुक्त पासबुक, श्रम मंत्रालय की योजना के अन्तर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड/आयुष्मान भारत हैल्थ कार्ड, ड्राईविंग लाइसेन्स, पैन कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटो युक्त पेंशन दस्तावेज, केन्द्र/राज्य सरकार/लोक उपक्रम/पब्लिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, सांसदों एवं विधानसभा सदस्यों को जारी किए गए सरकारी पहचान पत्र और यूनिक डिसएबिलिटी आईडी (यूडीआईडी) कार्ड, (सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी दस्तावेज) शामिल है।

उक्त 11 वैकल्पिक फोटो दस्तावेज में से केवल वे ही दस्तावेज मान्य होंगे जो नगरपालिका निर्वाचन की घोषणा से पूर्व के हैं। अतः सभी मतदाताओं से अपील है कि मतदान के समय उक्त दस्तावेजों में से किसी एक दस्तावेज को साथ लायें, जिससे मतदान कार्य शान्तिपूर्वक एवं त्रुटिहीन तरीक से सम्पन्न हो सके।

## ➢ मतदाता सहायता केन्द्र

मतदान दिवस पर मतदान भवन के समीप मतदाताओं की सहायता के लिए मतदाता सहायता केन्द्र (Voter Assistance Booth) स्थापित कर इन सहायता केन्द्रों पर बूथ लेवल अधिकारियों के स्तर के कार्मिक नियुक्त किए जाएगें। नवीन परिसीमन के कारण वार्डो की सीमाओं में परिवर्तन संभव है। इस कारण से मतदान केन्द्रों में भी परिवर्तन संभावित है। इन सहायता केन्द्रों पर मतदाता को मतदाता सूची में उनका कमांक एवं बूथ संबंधी जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी।



राज्य निर्वाचन आयोग, राजस्थान

➢ **चुनाव कार्य हेतु नियोजित होने वाले कार्मिकों का विवरण**

309 नगरीय निकायों में दो चरणों के चुनाव के लिए (मतदान, मतगणना एवं अन्य कार्यो हेतु) लगभग 1,15,255 कार्मिकों को नियोजित किया जाएगा। मतदान एवं मतगणनादलों के गठन हेतु आयोग द्वारा जिला निर्वाचन अधिकारियों को कार्मिको के रेण्डमाईजेशन (Randomization) के लिए सॉफ्टवेयर उपलबध कराया गया है। इस सॉफ्टवेयर के द्वारा मतदान एवं मतगणना दलों का गठन किया जाएगा।

मतदान दलों को दो स्तरीय प्रशिक्षण भी प्रदान किया जाएगा।

चुनाव के दौरान कानून एवं व्यवस्था बनाए रखने एवं शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न कराने के लिए पुलिस बल को नियोजित किए जाने हेतु एक कार्य योजना तैयार की गई है, जिसके अनुसार नगरीय निकायों के दो चरणों के चुनाव के लिए लगभग 98,790 पुलिस बल नियोजित किया जाएगा।

➢ **चुनाव प्रक्रिया के पर्यवेक्षण हेतु पर्यवेक्षकों की नियुक्ति**

309 नगरीय निकायों के दो चरणों के चुनाव के लिए (मतदान, मतगणना एवं अन्य चुनाव संबंधी प्रकिया हेतु) पर्यवेक्षण के लिए प्रत्येक जिले में आवश्यकतानुसार एक या अधिक पर्यवेक्षकों को नियोजित किया जाएगा। ये पर्यवेक्षक भारतीय प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ एवं चयनित वेतन श्रृखंला तथा राजस्थान प्रशासनिक सेवा के सुपर टाईम स्केल या उससे उच्चतर वेतन श्रृखंला के अधिकारी होंगे। चुनाव स्वतंत्र एवं निष्पक्ष रूप से संपन्न हो सके, इस हेतु पर्यवेक्षकों द्वारा चुनाव के प्रत्येक स्तर के साथ मुख्य रूप से नामांकन पत्रों की संवीक्षा, मतदान एवं मतगणना कार्य का पर्यवेक्षण किया जाएगा।

➢ **चुनाव नियन्त्रण कक्ष (Control Room) की स्थापना**

आयोग मुख्यालय एवं जिला स्तर पर चुनाव की घोषणा के साथ ही चुनाव कार्य से संबंधित सूचनाओं के आदान–प्रदान एवं आयोजन द्वारा भी चुनाव संबंधी किसी भी गतिविधि के बारे में प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही करने के लिए चुनाव नियन्त्रण कक्ष स्थापित किया जाएगा। यह नियन्त्रण कक्ष 24 X 7 (रात–दिन) कार्य करेगा।

➢ **अभ्यर्थियों के लिए चुनाव खर्च सीमा**

चुनाव लड़ने वाले अभ्यर्थियों द्वारा चुनाव के दौरान वाहनों एवं लाउडस्पीकरों के उपयोग, कट आउटों, होर्डिंग्स, पोस्टर एवं बैनरों के प्रदर्शन व इनसे संबंधित अन्य गतिविधियों को नियन्त्रण करने के लिए आयोग के आदेश दिनांक 06.08.2026 द्वारा प्रतिबंध अधिरोपित किए गए हैं।

लाउडस्पीकर के उपयोग के लिए जिला मजिस्ट्रेट या उपखण्ड मजिस्ट्रेट या अन्य सक्षम अधिकारी की लिखित अनुमति प्राप्त करनी आवश्यक होगी एवं इसका प्रयोग रात्रि 10.00 बजे से प्रातः 6.00 बजे तक पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। अभ्यर्थियों के द्वारा निर्वाचन में प्रचार के लिए वाहनों की अधिकतम सीमा निर्धारित की गई है। इस हेतु संबंधित रिटर्निंग अधिकारी से वाहन के सम्पूर्ण विवरण के साथ लिखित अनुमति प्राप्त करनी आवश्यक होगी।

इस आदेश में चुनाव के लिए इन मदों पर खर्च की सीमा में वृद्वि की गई है। इससे पूर्व खर्च की सीमा आयोग द्वारा वर्ष 2019 में निर्धारित की गई थी, जिसे परिवर्तित कर निम्नानुसार निर्धारित किया गया हैं। इस खर्च का पूर्ण विवरण परिणामों की घोषणा के 15 दिवस के भीतर विहित प्रारूप में संबंधित जिला निर्वाचन अधिकारी या उसके द्वारा प्राधिकृत अधिकारी को प्रस्तुत करना आवश्यक होगा।



राज्य निर्वाचन आयोग, राजस्थान

| क्रम संख्या | पद का नाम | अधिकतम चुनाव खर्च सीमा |
|---|---|---|
| 1. | नगर निगम पार्षद | रूपये 3,50,000/— |
| 2. | नगर परिषद पार्षद | रूपये 2,50,000/— |
| 3. | नगरपालिका सदस्य | रूपये 1,50,000/— |

➢ **संतान संबंधी प्रावधान**

राजस्थान राजपत्र अधिसूचना दिनांक 25.03.2026 से 2009 के राजस्थान नगरपालिका अधिनियम संख्या 18 की धारा 02 एवं 24 का संशोधन कर नगरीय निकायों के निर्वाचन हेतु संतान संबंधी प्रावधानों को हटा दिया गया है। आयोग के पत्रांक 4789 दिनांक 13.07.2026 द्वारा उक्त दिशा—निर्देश समस्त जिला निर्वाचन अधिकारियों को प्रेषित किए गए है।

➢ **दिव्यांगजन (Person with Disabilities) मतदाताओं के लिए विशेष सुविधा**

आयोग द्वारा दिव्यांगजन मतदाताओं के लिए मतदान केन्द्र पर विशेष सुविधा प्रदान करने के लिए अपने आदेश दिनांक 14.08.2026 द्वारा समस्त जिला निर्वाचन अधिकारियों को निर्देश प्रदान किए गए है। इन निर्देशों में ऐसे मतदाताओं की मैंपिग करने, प्रत्येक जिले में नोडल अधिकारी नियुक्त करने दिव्यांगजनों को मतदान के लिए मतदान बूथ तक लाने एवं छोडने के निर्देशों सहित मतदान केन्द्र पर सुविधाएं प्रदान करने के निर्देश शामिल है।

➢ **आदर्श आचरण संहिता**

चुनाव कार्यक्रम की घोषणा के साथ ही संबंधित निर्वाचन क्षेत्रों में आदर्श आचरण संहिता के प्रावधान तुरन्त प्रभावी से लागू हो गए हैं, जो चुनाव प्रक्रिया समाप्ति तक लागू रहेगें।

संबंधित नगरीय निकायों में विभिन्न विभागों के विकास कार्य जिसके कार्यादेश आचार संहिता के प्रभाव में आने से पूर्व ही जारी किए जा चुके है या जो विकास कार्य पूर्व से ही चल रहे हैं, वे सभी आचार संहिता से प्रभावित नहीं होंगे। नई स्कीम, नए विकास कार्य एवं नए कार्यादेश आचार संहिता के लागू होने से पूर्णतया प्रतिबंधित रहेगें।

चुनाव के लिए बडी संख्या में कार्मिकों की आवश्यकता होगी, अतः संबंधित नगरीय निकाय क्षेत्र से होने वाले स्थानान्तरण एवं संबंधित नगरीय निकाय क्षेत्र में किए जाने वाले पदस्थापन से संबंधित स्थानान्तरण पर पूर्ण प्रतिबंध होगा।

भारत के संविधान के अनुच्छेद 243ZA के अन्तर्गत नगरपालिका के निर्वाचनों के संचालन का दायित्व राज्य निर्वाचन आयोग में निहित है। राजस्थान नगरपालिका अधिनियम, 2009 की धारा 26 के अनुसार चुनाव कार्य में नियोजित समस्त कर्मचारी/अधिकारी निर्वाचन के दौरान राज्य निर्वाचन आयोग में प्रतिनियुक्त समझे जायेंगे। यदि चुनाव प्रक्रिया के दौरान किसी अधिकारी/कर्मचारी द्वारा निर्वाचन से संबंधित अधिरोपित कर्तव्यों का निर्वहन नहीं किया जाता है, तो उसके विरूद्व आयोग द्वारा नियमानुसार कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

राज्य निर्वाचन आयोग, राजस्थान

सभी राजनैतिक दल, सभी अभ्यर्थी, सभी मतदाताओं एवं मीडिया से आयोग अपील करता है कि शांतिपूर्ण, स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव संपन्न कराने में अपना पूर्ण सहयोग प्रदान करें।

19/8/26

(राजेश वर्मा)
**मुख्य निर्वाचन अधिकारी**
**एवं सचिव**

क्रमांक : एफ. 4(1)(1)/नपा/रानिआ/2026/6723-25 दिनांक : 19/08/2026

1. मुख्य सचिव, राजस्थान सरकार।
2. शासन सचिव, स्वायत्त शासन विभाग, जयपुर।
3. आयुक्त, सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, जयपुर।

**उप सचिव**

राज्य निर्वाचन आयोग, राजस्थान

| नगर पालिका आम चुनाव प्रथम चरण | | | | नगर पालिका आम चुनाव द्वितीय चरण | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| क्र.सं. | नाम जिला | नगर पालिका/नगर परिषद/नगर निगम | वार्ड संख्या | क्र.सं. | नगर पालिका/नगर परिषद/नगर निगम | वार्ड संख्या |
| 1 | अजमेर | नगर पालिका पीसांगन | 25 | 1 | **नगर निगम अजमेर** | 80 |
| | | नगर पालिका नसीराबाद | 20 | 2 | *नगर परिषद किशनगढ़* | 60 |
| | | नगर पालिका केकडी | 40 | 3 | *नगर परिषद पुष्कर* | 25 |
| | | नगर पालिका सरवाड | 25 | | | |
| | | नगर पालिका टाटोटी | 20 | | | |
| | | नगर पालिका सावर | 20 | | | |
| | | **योग** | 150 | | | 165 |
| 2 | नागौर | *नगर परिषद नागौर* | 60 | 1 | नगर पालिका मेड़तासिटी | 40 |
| | | नगर पालिका जायल | 25 | 2 | नगर पालिका रियांबाड़ी | 20 |
| | | नगर पालिका मूण्डावा | 25 | 3 | नगर पालिका मेड़तारोड़ | 25 |
| | | नगर पालिका बासनी | 40 | 4 | नगर पालिका डेगाना | 25 |
| | | नगर पालिका कुचेरा | 25 | | | |
| | | **योग** | 175 | | | 110 |
| 3 | टोंक | नगर पालिका निवाई | 40 | 1 | *नगर परिषद टोंक* | 60 |
| | | नगर पालिका पीपलू | 20 | 2 | नगर पालिका मालपुरा | 40 |
| | | नगर पालिका देवली | 35 | 3 | नगर पालिका टोडारायसिंह | 35 |
| | | नगर पालिका उनियारा | 20 | 4 | नगर पालिका डिग्गी | 25 |
| | | नगर पालिका दूनी | 20 | 5 | नगर पालिका लाम्बाहरिसिंहपुरा | 20 |
| | | **योग** | 135 | | | 180 |
| 4 | ब्यावर | *नगर परिषद ब्यावर* | 60 | 1 | नगर पालिका जैतारण | 25 |
| | | नगर पालिका विजयनगर | 40 | 2 | नगर पालिका रायपुर | 25 |
| | | नगर पालिका मसूदा | 20 | | | |
| | | **योग** | 120 | | | 50 |
| 5 | भीलवाड़ा | **नगर निगम भीलवाड़ा** | 70 | 1 | नगर पालिका आसींद | 25 |
| | | नगर पालिका बीगोद | 25 | 2 | नगर पालिका गुलाबपुरा | 35 |
| | | | | 3 | नगर पालिका गंगापुर | 25 |
| | | | | 4 | नगर पालिका हमीरगढ़ | 20 |
| | | | | 5 | नगर पालिका बनेडा | 20 |
| | | | | 6 | नगर पालिका शाहपुरा | 35 |
| | | | | 7 | नगर पालिका जहाजपुर | 25 |
| | | | | 8 | नगर पालिका माण्डलगढ़ | 20 |
| | | | | 9 | नगर पालिका बिजोलिया | 25 |
| | | **योग** | 95 | | | 230 |
| 6 | कोटपूतली–बहरोड़ | *नगर परिषद कोटपूतली* | 60 | 1 | *नगर परिषद बहरोड़* | 55 |
| | | नगर पालिका पावटा–प्रागपुरा | 45 | 2 | नगर पालिका नीमराना | 25 |
| | | नगर पालिका विराटनगर | 25 | 3 | नगर पालिका मांढण | 20 |
| | | नगर पालिका नारायणपुर | 35 | 4 | नगर पालिका बर्डोद | 25 |
| | | नगर पालिका बानसूर | 35 | | | |
| | | **योग** | 200 | | | 125 |
| | | नगर पालिका खाजूवाला | 20 | 1 | **नगर निगम बीकानेर** | 80 |

| नगर पालिका आम चुनाव प्रथम चरण | | | | नगर पालिका आम चुनाव द्वितीय चरण | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| क्र.सं. | नाम जिला | नगर पालिका / नगर परिषद / नगर निगम | वार्ड संख्या | क्र.सं. | नगर पालिका / नगर परिषद / नगर निगम | वार्ड संख्या |
| 7 | बीकानेर | नगर पालिका नौखा | 45 | | | |
| | | नगर पालिका देशनोक | 25 | | | |
| | | नगर पालिका लूणकरणसर | 35 | | | |
| | | नगर पालिका श्रीडूगरगढ | 40 | | | |
| | | नगर पालिका नापासर | 25 | | | |
| | | **योग** | 190 | | | 80 |
| 8 | श्रीगंगानगर | नगर पालिका सूरतगढ | 45 | 1 | *नगर परिषद श्रीगंगानगर* | 65 |
| | | नगर पालिका श्रीविजयनगर | 25 | 2 | नगर पालिका सार्दुलशहर | 25 |
| | | नगर पालिका रायसिंहनगर | 35 | 3 | नगर पालिका श्रीकरणपुर | 25 |
| | | नगर पालिका अनुपगढ | 35 | 4 | नगर पालिका केसरीसिंहपुर | 20 |
| | | नगर पालिका घडसाना | 25 | 5 | नगर पालिका पदमपुर | 25 |
| | | | | 6 | नगर पालिका गजसिंहपुर | 20 |
| | | **योग** | 165 | | | 180 |
| 9 | हनुमानगढ | नगर पालिका नोहर | 40 | 1 | *नगर परिषद हनुमानगढ़* | 60 |
| | | नगर पालिका भादरा | 40 | 2 | नगर पालिका गोलूवाला | 25 |
| | | नगर पालिका संगरिया | 35 | 3 | नगर पालिका पीलीबंगा | 35 |
| | | नगर पालिका टिब्बी | 20 | | | |
| | | नगर पालिका रावतसर | 35 | | | |
| | | **योग** | 170 | | | 120 |
| 10 | चुरू | नगर पालिका राजगढ | 40 | 1 | *नगर परिषद सरदारशहर* | 55 |
| | | *नगर परिषद चुरू* | 60 | 2 | नगर पालिका तारानगर | 35 |
| | | नगर पालिका रतन नगर | 20 | 3 | नगर पालिका साहवा | 20 |
| | | *नगर परिषद सुजानगढ* | 60 | 4 | नगर पालिका रतनगढ़ | 45 |
| | | नगर पालिका छापर | 25 | 5 | नगर पालिका राजलदेसर | 35 |
| | | | | 6 | नगर पालिका बीदासर | 35 |
| | | **योग** | 205 | | | 225 |
| 11 | भरतपुर | **नगर निगम भरतपुर** | 65 | 1 | नगर पालिका वैर | 25 |
| | | नगर पालिका भुसावर | 25 | 2 | नगर पालिका बयाना | 35 |
| | | नगर पालिका रूपवास | 25 | 3 | नगर पालिका नदबई | 35 |
| | | | | 4 | नगर पालिका उच्चैन | 25 |
| | | **योग** | 115 | | | 120 |
| 12 | धौलपुर | *नगर परिषद धौलपुर* | 60 | 1 | नगर पालिका बसेडी | 25 |
| | | नगर पालिका राजाखेडा | 35 | 2 | नगर पालिका बाड़ी | 45 |
| | | नगर पालिका मनिया | 20 | 3 | नगर पालिका सरमथुरा | 25 |
| | | नगर पालिका सैपऊ | 20 | | | |
| | | **योग** | 135 | | | 95 |
| 13 | सवाईमाधोपुर | *नगर परिषद सवाईमाधोपुर* | 60 | 1 | *नगर परिषद गंगापुरसिटी* | 60 |
| | | नगर पालिका बौंली | 25 | 2 | नगर पालिका वजीरपुर | 25 |
| | | नगर पालिका खण्डार | 25 | 3 | नगर पालिका बामणवास | 20 |
| | | **योग** | 110 | | | 105 |

| नगर पालिका आम चुनाव प्रथम चरण | | | | नगर पालिका आम चुनाव द्वितीय चरण | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| क्र.सं. | नाम जिला | नगर पालिका / नगर परिषद / नगर निगम | वार्ड संख्या | क्र.सं. | नगर पालिका / नगर परिषद / नगर निगम | वार्ड संख्या |
| 14 | जयपुर | *नगर परिषद शाहपुरा* | 55 | 1 | **नगर निगम जयपुर** | 150 |
| | | *नगर परिषद चौंमू* | 45 | | | |
| | | नगर पालिका बगरू | 35 | | | |
| | | नगर पालिका चाकसू | 35 | | | |
| | | नगर पालिका जोबनेर | 20 | | | |
| | | नगर पालिका किशनगढ–रेनवाल | 35 | | | |
| | | नगर पालिका फुलेरा | 25 | | | |
| | | नगर पालिका सांभर | 25 | | | |
| | | नगर पालिका बस्सी | 35 | | | |
| | | नगर पालिका दूदू | 25 | | | |
| | | नगर पालिका जमवारामगढ | 35 | | | |
| | | नगर पालिका कालाडेरा | 20 | | | |
| | | नगर पालिका कानोता | 20 | | | |
| | | नगर पालिका खेजरोली | 25 | | | |
| | | नगर पालिका मनोहरपुर | 35 | | | |
| | | नगर पालिका नरायना | 25 | | | |
| | | नगर पालिका फागी | 20 | | | |
| | | नगर पालिका वाटिका | 25 | | | |
| | | **योग** | 540 | | | 150 |
| 15 | अलवर | **नगर निगम अलवर** | 65 | 1 | नगर पालिका कठूमर | 20 |
| | | नगर पालिका रामगढ | 35 | 2 | नगर पालिका खेरली | 25 |
| | | नगर पालिका नौं गांव | 20 | 3 | नगर पालिका थानागाजी | 25 |
| | | नगर पालिका मालाखेडा | 20 | 4 | नगर पालिका राजगढ़ | 40 |
| | | नगर पालिका बहादुरपुर | 25 | 5 | नगर पालिका लक्ष्मणगढ़ | 25 |
| | | | | 6 | नगर पालिका गोविन्दगढ़–रामबास | 25 |
| | | | | | नगर पालिका बर्डोदामेव | 25 |
| | | **योग** | 165 | | | 185 |
| 16 | सीकर | नगर पालिका लक्ष्मणगढ | 45 | 1 | *नगर परिषद सीकर* | 65 |
| | | नगर पालिका खाटूश्यामजी | 20 | 2 | *नगर परिषद फतेहपुर* | 55 |
| | | नगर पालिका दांता | 25 | 3 | नगर पालिका | 35 |
| | | नगर पालिका नीमकाथाना | 40 | 4 | नगर पालिका लोसल | 35 |
| | | नगर पालिका श्रीमाधोपुर | 35 | 5 | नगर पालिका धोंद | 20 |
| | | नगर पालिका खण्डेला | 40 | | | |
| | | नगरपलिका रींगस | 35 | | | |
| | | नगर पालिका अजीतगढ | 25 | | | |
| | | नगर पालिका पलसाना | 20 | | | |
| | | **योग** | 285 | | | 210 |
| | झुंझुंनू | नगर पालिका पिलानी | 35 | 1 | *नगर परिषद झुंझुंनू* | 60 |

| नगर पालिका आम चुनाव प्रथम चरण | | | | नगर पालिका आम चुनाव द्वितीय चरण | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| क्र.सं. | नाम जिला | नगर पालिका / नगर परिषद / नगर निगम | वार्ड संख्या | क्र.सं. | नगर पालिका / नगर परिषद / नगर निगम | वार्ड संख्या |
| 17 | | नगर पालिका चिड़ावा | 45 | 2 | नगर पालिका बगड़ | 20 |
| | | नगर पालिका मण्ड्रेला | 25 | 3 | नगर पालिका सुलताना | 25 |
| | | नगर पालिका विद्याविहार | 25 | 4 | नगर पालिका नवलगढ़ | 45 |
| | | नगर पालिका सूरजगढ | 25 | 5 | नगर पालिका जाखल | 20 |
| | | नगर पालिका सिंघाना | 35 | 6 | नगर पालिका मुकुन्दगढ | 25 |
| | | नगर पालिका बुहाना | 20 | 7 | नगर पालिका डूंण्डलोद | 20 |
| | | नगर पालिका मण्डावा | 25 | 8 | नगर पालिका खेतड़ी | 25 |
| | | नगर पालिका बिसाऊ | 25 | 9 | नगर पालिका उदयपुरवाटी | 35 |
| | | नगर पालिका मलसीसर | 20 | | | |
| | | **योग** | 280 | | | **275** |
| 18 | जोधपुर | नगर पालिका बालेसरसत्ता | 25 | 1 | **नगर निगम जोधपुर** | 100 |
| | | नगर पालिका भोपालगढ | 25 | | | |
| | | नगर पालिका बिलाडा | 40 | | | |
| | | नगर पालिका मथानिया | 25 | | | |
| | | नगर पालिका तिवरी | 25 | | | |
| | | नगर पालिका पीपाडसिटी | 35 | | | |
| | | **योग** | 175 | | | **100** |
| 19 | जालौर | *नगर परिषद जालौर* | 40 | 1 | नगर पालिका भीनमाल | 40 |
| | | नगर पालिका आहोर | 25 | 2 | नगर पालिका सांचोर | 35 |
| | | नगर पालिका सायला | 25 | | | |
| | | **योग** | 90 | | | **75** |
| 20 | पाली | नगर पालिका सोजत रोड़ | 25 | 1 | नगर पालिका बाली | 25 |
| | | नगर पालिका सोजतसिटी | 40 | 2 | नगर पालिका खुडाला–फालना | 25 |
| | | **नगर निगम पाली** | 65 | 3 | नगर पालिका सादडी | 35 |
| | | नगर पालिका रानीखुर्द | 20 | 4 | नगर पालिका सुमेरपुर | 35 |
| | | नगर पालिका मारवाड़–जंक्शन | 25 | 5 | नगर पालिका तख्तगढ़ | 25 |
| | | **योग** | 175 | | | **145** |
| 21 | सिरोही | नगर पालिका शिवगंज | 35 | 1 | *नगर परिषद सिरोही* | 35 |
| | | नगर पालिका आबूरोड | 40 | 2 | नगर पालिका पिण्डवाडा | 25 |
| | | नगर पालिका मण्डार | 20 | 3 | नगर पालिका माउण्ट आबू | 25 |
| | | **योग** | 95 | | | **85** |
| 22 | कोटा | नगर पालिका रामगंजमण्डी | 40 | 1 | **नगर निगम कोटा** | 100 |
| | | नगर पालिका सुकेत | 25 | | | |
| | | नगर पालिका सांगोद | 35 | | | |
| | | नगर पालिका ईटावा | 35 | | | |
| | | नगर पालिका सुल्तानपुर | 25 | | | |
| | | **योग** | 160 | | | **100** |
| 23 | बारां | *नगर परिषद बारां* | 60 | 1 | नगर पालिका छबड़ा | 35 |
| | | नगर पालिका अन्ता | 35 | 2 | नगर पालिका मांगरोल | 35 |
| | | नगर पालिका सीसवाली | 20 | 3 | नगर पालिका अटरू | 25 |

| नगर पालिका आम चुनाव प्रथम चरण | | | | नगर पालिका आम चुनाव द्वितीय चरण | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| क्र.सं. | नाम जिला | नगर पालिका / नगर परिषद / नगर निगम | वार्ड संख्या | क्र.सं. | नगर पालिका / नगर परिषद / नगर निगम | वार्ड संख्या |
| | **योग** | | 115 | | | 95 |
| 24 | बूंदी | *नगर परिषद बूंदी* | 60 | 1 | नगर पालिका लाखेरी | 35 |
| | | नगर पालिका दई | 20 | 2 | नगर पालिका कापरेन | 25 |
| | | नगर पालिका इन्द्रगढ | 20 | 3 | नगर पालिका नैनवा | 25 |
| | | नगर पालिका केशवरायपाटन | 25 | 4 | नगर पालिका हिण्डौली | 20 |
| | **योग** | | 125 | | | 105 |
| 25 | झालावाड़ | *नगर परिषद झालावाड़* | 45 | 1 | नगर पालिका खानपुर | 25 |
| | | नगर पालिका झालरापाटन | 35 | 2 | नगर पालिका अकलेरा | 35 |
| | | नगर पालिका भवानीमण्डी | 40 | 3 | नगर पालिका मनोहरथाना | 20 |
| | | नगर पालिका डग | 20 | 4 | नगर पालिका पिडावा | 20 |
| | **योग** | | 140 | | | 100 |
| 26 | उदयपुर | नगर पालिका भीण्डर | 25 | 1 | **नगर निगम उदयपुर** | 80 |
| | | नगर पालिका वल्लभनगर | 20 | 2 | नगर पालिका कानोड | 20 |
| | | नगर पालिका फतेहनगर–सनवाड़ | 25 | 3 | नगर पालिका मावली | 20 |
| | **योग** | | 70 | | | 120 |
| 27 | बांसवाड़ा | *नगर परिषद बांसवाड़ा* | 60 | 1 | नगर पालिका परतापुरगढ़ी | 25 |
| | | | | 2 | नगर पालिका कुशलगढ़ | 20 |
| | **योग** | | 60 | | | 45 |
| 28 | चित्तौड़गढ़ | *नगर परिषद चित्तौड़गढ़* | 60 | 1 | *नगर परिषद निम्बाहेड़ा* | 45 |
| | | नगर पालिका बेगूं | 35 | 2 | नगर पालिका बड़ी सादड़ी | 25 |
| | | नगर पालिका रावतभाटा | 40 | 3 | नगर पालिका आकोला | 20 |
| | | | | 4 | नगर पालिका कपासन | 25 |
| | **योग** | | 135 | | | 115 |
| 29 | राजसमंद | नगर पालिका नाथद्वारा | 40 | 1 | *नगर परिषद राजसमंद* | 45 |
| | | नगर पालिका आमेट | 25 | 2 | नगर पालिका देवगढ़ | 25 |
| | | | | 3 | नगर पालिका भीम | 20 |
| | **योग** | | 65 | | | 90 |
| 30 | प्रतापगढ़ | *नगर परिषद प्रतापगढ़* | 40 | 1 | नगर पालिका छोटीसादडी | 25 |
| | | नगर पालिका अरनोद | 20 | 2 | नगर पालिका धरियावाद | 20 |
| | **योग** | | 60 | | | 45 |
| 31 | डूंगरपुर | *नगर परिषद डूंगरपुर* | 40 | 1 | नगर पालिका सागवाडा | 35 |
| | **योग** | | 40 | | | 35 |
| 32 | डीडवाना–कुचामन | नगर पालिका लाडनूं | 45 | 1 | *नगर परिषद मकराना* | 60 |
| | | *नगर परिषद डीडवाना* | 40 | 2 | नगर पालिका खाटू खुर्द | 20 |
| | | नगर पालिका बोरावड़ | 25 | 3 | नगर पालिका परबतसर | 25 |
| | | *नगर परिषद कुचामनसिटी* | 45 | 4 | नगर पालिका नॉवा | 25 |
| | **योग** | | 155 | | | 130 |
| 33 | करौली | *नगर परिषद करौली* | 55 | 1 | *नगर परिषद हिण्डौनसिटी* | 60 |
| | | नगर पालिका मण्डरायल | 20 | 2 | नगर पालिका टोडाभीम | 35 |

| नगर पालिका आम चुनाव प्रथम चरण | | | | नगर पालिका आम चुनाव द्वितीय चरण | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| क्र.सं. | नाम जिला | नगर पालिका/नगर परिषद/नगर निगम | वार्ड संख्या | क्र.सं. | नगर पालिका/नगर परिषद/नगर निगम | वार्ड संख्या |
| | | नगर पालिका सपोटरा | 20 | 3 | नगर पालिका सूरौठ | 20 |
| **योग** | | | 95 | | | **115** |
| 34 | दौसा | नगर पालिका बांदीकुई | 40 | 1 | *नगर परिषद दौसा* | 55 |
| | | नगर पालिका बसवा | 25 | 2 | *नगर परिषद लालसोट* | 35 |
| | | नगर पालिका महवा | 35 | 3 | नगर पालिका लवाण | 20 |
| | | नगर पालिका मण्डावर | 25 | 4 | नगर पालिका मण्डावरी | 20 |
| | | नगर पालिका सिकराय | 25 | 5 | नगर पालिका रामगढ पचवारा | 20 |
| | | नगर पालिका भाण्डारेज | 25 | | | |
| **योग** | | | 175 | | | **150** |
| 35 | डीग | नगर पालिका पहाड़ी | 20 | 1 | *नगर परिषद डीग* | 40 |
| | | नगर पालिका कांमा | 35 | 2 | नगर पालिका कुम्हेर | 25 |
| | | नगर पालिका सीकरी | 25 | 3 | नगर पालिका बृजनगर | 35 |
| **योग** | | | 80 | | | **100** |
| 36 | खैरथल–तिजारा | *नगर परिषद भिवाडी* | 60 | 1 | नगर पालिका किशनगढ़बास | 25 |
| | | *नगर परिषद खैरथल* | 45 | 2 | नगर पालिका मुण्डावर | 25 |
| | | *नगर परिषद तिजारा* | 35 | 3 | नगर पालिका कोटकासिम | 20 |
| | | | | 4 | नगर पालिका टपुकड़ा | 20 |
| **योग** | | | 140 | | | **90** |
| 37 | जैसलमेर | *नगर परिषद जैसलमेर* | 45 | 1 | नगर पालिका पोकरण | 25 |
| **योग** | | | 45 | | | **25** |
| 38 | बाड़मेर | *नगर परिषद बाड़मेर* | 55 | 1 | नगर पालिका चौहटन | 20 |
| **योग** | | | 55 | | | **20** |
| 39 | बालोतरा | नगर पालिका जसौल | 20 | 1 | *नगर परिषद बालोतरा* | 55 |
| | | नगर पालिका गुडामालानी | 20 | 2 | नगर पालिका धौरीमन्ना | 20 |
| | | नगर पालिका समदडी | 25 | 3 | नगर पालिका सिवाना | 25 |
| | | | | 4 | नगर पालिका सिंणधरी | 20 |
| **योग** | | | 65 | | | **120** |
| 40 | फलौदी | | | 1 | *नगर परिषद फलौदी* | 40 |
| | | | | 2 | नगर पालिका बाप | 20 |
| **योग** | | | 0 | | | **60** |
| 41 | सलूम्बर | | | 1 | *नगर परिषद सलूम्बर* | 25 |
| **योग** | | | | | | **25** |
| **सर्वयोग** | | | 5550 | | | 4695 |